महत्वपूर्ण एवं खास

नारी शक्ति के प्रति सम्मान का महापर्व है शारदीय नवरात्रि : डॉ. रमन सिंह

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कल 10 अक्टूबर से शुरू हो रहे शारदीय नवरात्रि के महापर्व के अवसर पर जनता को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने सभी लोगों के प्रति शुभेच्छा प्रकट की है और कहा है कि शक्ति की देवी मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा का यह महाअनुष्ठान हमारी महान भारतीय संस्कृति में नारी शक्ति के प्रति सम्मान प्रकट करने का एक पवित्र महापर्व है। उन्होंने मां दुर्गा से सभी लोगों की सुख समृद्धि के लिए आशीर्वाद की कामना की है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर, रतनपुर के महामाया मंदिर, दंतेवाड़ा के दंतेश्वरी मंदिर, चंद्रपुर के चंद्रहासिनी मंदिर सहित राज्य के सभी आस्था केंद्रों में देवी दुर्गा के विभिन्न रूपों की पूजा के लिए हजारों-लाखों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुजनों का अभिनंदन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी है।

बांध में बहती दिखी अज्ञात व्यक्ति की लाश

गरियाबन्द (आरएनएस)। पैरी घूमर में एक अज्ञात व्यक्ति की लाश तैरती देखे जाने से ग्रामवासी आश्चर्यचकित रह गए और इसकी जानकारी ग्रामीणों के द्वारा पुलिस विभाग की दिया गया ।प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय से लगभग 30 किलोमीटर दूर पैरिघूमर में आज सुबह 10 से 11 बजे के बीच ग्राम चिखली और हाथबाय के लोगो ने एक लाश तैरते देख भयभीत हो गए और घटना की जानकारी स्थानीय सिटी कोतवाली को दिए ,जिससे पुलिस विभाग रेस्क्यू टीम के साथ घटना स्थल पर पहुची और लाश को बांध से बाहर निकाले जिसे देखकर यह अनुमान लगाया गया कि लाश 1 ,2 दिन पहले का है और ऊपर की ओर से बह कर आने का अनुमान लगाया गया ,परन्तु मृतक का पहचान किसी के द्वारा नही किया जा सका ,वही पुलिस विभाग द्वारा आसपास के क्षेत्र में पतासाजी किया जा रहा है ।

अधिकारी-कर्मचारियों को दिलायी गयी मतदान का शपथ

दुर्ग (आरएनएस)। दुर्ग संभाग के आयुक्त दिलीप वासनीकर ने हिन्दी भवन में कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों को मतदान का शपथ दिलाया। शपथ में कहा गया कि 'मैं अपने परिवार के 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुके सभी सदस्यों का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराउंगा। मैं आगामी समस्त निर्वाचनों में भय एवं लोभ से मुक्त होकर मतदान करूंगा एवं अपना नैतिक दायित्व निभाते हुए अन्य व्यक्तियों को भी अनिवार्य रूप से प्रोत्साहित करूंगा। मैं दिव्यांग मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया में भाग लेने हेतु प्रेरित प्रयास करूंगा। मैं प्रजातांत्रिक व्यवस्था में भागीदारी निभाते हुए लोगों को मतदान करने प्रेरित करूंगा।

आग से घिरे बीएसपी कर्मियों को बचाने में गई 4 फायर ब्रिगेड कर्मियों की जान

भिलाई (आरएनएस)। बीएसपी के कोक ओवन संयंत्र में गैस पाईपलाईन फटने से हुए हादसे में जिन 9 संयंत्रकर्मियों की मौत हुई है उनमें 4 फायर ब्रिगेड के भी जवान थे। मंगलवार को जब यह हादसा हुआ तो आग की लपटों में घिरे बीएसपी कर्मियों को बचाने में जुटे फायर ब्रिगेड के जवान आग को बुझाने के दौरान खुद भी हादसे का शिकार हो गये। मृतक जवानों में बीएन राजपूत, मलखम प्रसाद, इन्द्रमन दुबे और देवनाथ के नाम सामने आ रहे हैं कि हालांकि इनके नामों की अधिकारिक पुष्टि नहीं हो पायी है।

शराब दुकानें दोपहर 12 बजे से रात 9 बजे तक ही खुलेंगी

रायपुर (आरएनएस)। आचार संहिता के चलते शराब दुकानों के खिलाफ मिल रही लगातार शिकायतों की वजह से टाइमिंग में बदलाव किया गया है। राजधानी रायपुर में शराब दुकान के संचालन का वक्त कम कर दिया गया है। कलेक्टर बसव राजू ने इस संदर्भ में आदेश भी जारी कर दिया है। नये आदेश के मुताबिक अब शराब दुकान सिर्फ 9 घंटे ही खुली रहेगी, जबकि पहले इसका संचालन 11 घंटे हुआ करता था। राजधानी में संचालित सभी देशी और विदेशी शराब दुकानें कल से दोपहर 12 बजे से रात 9 बजे तक ही खोली जाएगी।

11 कर्मचारियों की मौत के बाद हटाए गए बीएसपी के सीईओ

जीएम सेफ्टी और डीजीएम एनर्जी भी हुए सस्पेंड

केंद्रीय इस्पात मंत्री बीरेंद्र चौधरी पहुंचे भिलाई

मृत कर्मचारियों के शवों का होगा डीएनए टेस्ट

30 से 95 लाख तक मुआवजे की घोषणा

भिलाई (आरएनएस)। भिलाई स्टील प्लांट के कोक ओवन गैस पाइप लाइन में विस्फोट में 11 कर्मियों की मौत के बाद बुधवार को बीएसपी सीईओ एम रवि को तत्काल प्रभाव से पद से हटा दिया गया है। हादसे के बाद भिलाई पहुंचे केंद्रीय इस्पात मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह ने कहा कि हादसा गंभीर है। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। सीईओ के साथ ही जीएम सेफ्टी दी पांडया राजा और ऊर्जा एवं प्रबंधन विभाग के डीजीएम नवीन कुमार को सस्पेंड कर दिया गया है।

मंगलवार को भिलाई स्टील प्लांट के कोक ओवन गैस पाइपलाइन में मरम्मत के दौरान विस्फोट से 11 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। इस हादसे में 30 से ज्यादा कर्मी झुलस गए थे। जिनमें से 12 गंभीर रूप से झुलसे कर्मियों का उपचार सेक्टर 9 अस्पताल में चल रहा है। जिनसे मिलने आज केंद्रीय इस्पात मंत्री और सीएम डॉ. रमन सिंह पहुंचे।

इधर मुख्यमंत्री डॉ .रमन सिंह बुधवार सुबह 11.30 बजे भिलाई नगर के सेक्टर -9 स्थित अस्पताल पहुंचे। वहां इस्पात संयंत्र हादसे के घायलों से मिलकर उनकी चिकित्सा व्यवस्था का जायजा लिया। मुख्यमंत्री संयंत्र प्रबन्धन और दुर्ग जिला प्रशासन के अधिकारियों से कल के हादसे के बारे में पूरी जानकारी ली। हादसे में बुरी तरह से झुलसकर अपनी जान गवां देने वाले 11 कर्मचारियों की सही रूप से शिनाख्त नहीं हो पाने के कारण मृतक कर्मियों के परिजनों ने डीएनए जांच की मांग की है। जिसे देखते हुए प्रबंधन ने डीएनए टेस्ट की स्वीकृति दे दी है। बताया जाता है कि कल हुए हादसे में सभी मृतकों के शवों को दुर्ग जिला चिकित्सालय के मरच्यूरी में रखा गया है। मंगलवार दोपहर 3 बजे तक बीएसपी के तरफ से जारी अधिकारी प्रेस नोट में मृतकों की संख्या 9 थी जिसके बाद रात्रिकालीन में यह बढ़कर 11 हो गई। गौरतलब ही कि अभी भी एक दर्जन से अधिक हादसे में झुलसे कर्मी अभी भी सेक्टर 9 अस्पताल के बर्न यूनिट में भर्ती है जो कि 40 से 70 फीसदी तक झुलसे हैं।

30 से 95 लाख तक मुआवजे की घोषणा

केंद्रीय इस्पात मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह मंगलवार को हुए भिलाई इस्पात संयंत्र में हादसे के बाद आज भिलाई पहुंचे वे वहां सेक्टर 9 अस्पताल में हादसे में घायल होकर भर्ती कर्मचारियों के स्वास्थ्य का जायजा लिया जिसके बाद केंद्रीय मंत्री ने मृतकों को प्रावधान के तहत 30 से 95 लाख रुपए तक मुआवजे की घोषणा की हैं। वहीं घायलों को दो-दो लाख रुपए देने की बात कहीं हैं। इस मौके पर राज्य के मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह केबिनेट मंत्री प्रेम प्रकाश पांडेय तथा राज्य मंत्री विष्णुदेव साय भी उपस्थित थे।

नवरात्रि के दिनों में अपना एनर्जी लेवल बरकरार रखना है? तो जरूर पीते रहें ये 6 ड्रिंक्स

यदि आप गरबे की प्रैक्टिस कर रहे हैं और इसके बाद आपका पूरे 9 दिनों तक गरबा खेलने का प्लान भी है, तो आपको अभी से ही अपनी फिटनेस पर ध्यान देना चाहिए और अपना स्टेमिना बढ़ा लेना चाहिए। कहीं ऐसा न हो कि प्रैक्टिस तो आप भरपूर एनर्जी से कर लें, लेकिन जब गरबे शुरू हो तो दिन-ब-दिन आपकी एनर्जी फीकी पड़ती जाए।

गरबे की प्रैक्टिस और गरबे के दौरान वाले दिन, आम दिनों की तुलना से अलग होने हैं और बहुत स्टेमिना की जरूरत होती हैं। इसके बाद यदि आपने नवरात्रि के दिनों में उपवास भी रखा हो, तब तो गरबा खेलते हुए आपको खुद पर ज्यादा ध्यान रखने की जरूरत होगी। आइए, जानते हैं कुछ ऐसे एनर्जी ड्रिंक्स के बारे में जो आपके शरीर में एनर्जी बनाए रखने में मदद करेंगे। इन्हें आप अभी से नियमित पीना शुरु कर सकते हैं :

1. नारीयल पानी :

इसमें पांच अहम पौष्टिक तत्व होते हैं, कैल्शियम, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, पोटेशियम और सोडियम। इनके अलावा याइ एंटीऑक्सीडेंट से भी भरपूर होता हैं, इसलिए गरबे के दौरान आपके चेहरे की चमक भी बनाए रखता हैं।

2. नींबू शिकंजी - नींबू का शर्बत केवल गर्मियों में ही नहीं पिया जाता, बल्कि जब भी एनर्जी की आवश्यकता महसूस हो, तब इसे लिया जा सकता । नींबू में भरपूर मात्रा में विटामिन सी और घुलनशील ग्लूकोज होता है, जो शरीर में जाकर रक्त में घुल जाता हैं और शरीर को हाइड्रेट कर, मिनरल्स की पूर्ति करता हैं।

3. बनाना शेक - केला तुरंत उर्जा देने का काम करता हैं, इसलिए आप बनाना शेक का प्रयोग कर सकते हैं। इसमें मौजूद ग्लूकोज, विटामिन, मिनरल्स, पोटेशियम और फास्फोरस मिलकर आपकी थकान को मिटाकर उर्जा का स्तर बढ़ाने और बनाए रखने में मदद करते हैं।

4. घुकंदर जूस - जाजकल घुकंदर का जूस आसानी से बाजार में उपलब्ध हो जाता हैं। यह कार्बोहाइड्रेट से भरपूर होता हैं, जो आपके शरीर में तुरंत उर्जा का संचार करता हैं।

राजनीति में प्रवेश के बाद पहली बार रायगढ़ पंहुचे सरजियस मिंज

कांग्रेस भवन मे स्थानीय नेताओं से की चर्चा

रायगढ़ (आरएनएस)। कांग्रेस की सदस्यता लेने के बाद सेवानिवृत्त आइएएस सरजियस मिंज पहली बार 8 अक्टूबर को रायगढ़ पंहुचे। वहां जिलाकांग्रेस भवन में मिंज ने स्थानीय नेताओं से औपचारिक मुलाकात कर राजनैतिक परिस्थितियों पर चर्चा करते हुये स्वयं के राजनीति मे आने का उद्देश्य भी बताया। अपने प्रशासनिक कार्यकाल को स्मरण कर जिले मे बिताये अपनी सेवाअवधि का जिक्र करते हुये पूर्व आइएएस सरजियस मिंज ने कहा कि उनका रायगढ जिले से भावनात्मक जुड़ाव है। साथ ही उन्होंने राजनैतिक सदस्यता के बाद इस क्षेत्र में सक्रिय नेताओं से भेंट कर सम्पर्क स्थापित करने हेतु सभी विधानसभाओं तक पंहुचने की बात कही।

हालांकि पार्टी की ओर से सरजियस मिंज को फिलहाल कोई महत्वपूर्ण दायित्व नहीं सौंपा गया है किंतु उत्साह से लबरेज मिंज बगैर किसी लालसा के पार्टी के द्वारा सौंपे गये उत्तरदायित्व को निभाने को पूर्णतः तैयार हैं।

गौरतलब है कि मूलतः जशपुर जिले के कुनकुरी विखं निवासी सरजियस मिंज वर्ष 1978 बैच के आइएएस हैं तथा अविभाजित मध्यप्रदेश मे झाबुआ, गवालियर, व छत्तीसगढ़ मे राजनांदगांव, रायपुर मे कलेक्टर रह चुके हैं। इसके अलावा छत्तीसगढ़ गठन के वक्त मिंज ग्वालियर के संभाग आयुक्त थे। आइएएस, आइपीएस व आइएएस सभी उच्च प्रशासनिक पदों पर नियुक्त सरजियस मिंज आधा दर्जन विश्वविद्यालयों के वाइस चांसलर और संस्थापक सदस्य के पद पर भी काम कर चुके हैं व वर्ष 2016 मे मुख्य सूचना आयुक्त के पद से सेवानिवृत्ति हुये हैं। आला प्रशासनिक पदों पर करीब 4 दशक तक काम करने वाले बेहद अनुभवी व कुशल प्रशासक सरजियस मिंज का भी मानना है कि मौजूदा प्रदेश सरकार न सिर्फ षड़यंत्र की राजनीति कर रही है बल्कि छत्तीसगढ़ के मूल निवासी, आदिवासी वर्ग का दमन और शोषण कर रही है जिसका अंदाजा प्रदेश गठन के 18 साल बाद भी आदिवासियों के दुर्दशापूर्ण जीवनशैली का आकलन कर लगाया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने भिलाई इस्पात संयंत्र हादसे पर गहरा दुःख व्यक्त किया

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने आज राज्य के भिलाई इस्पात संयंत्र में हुए हादसे पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने हताहतों के परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की है। संयंत्र की गैस पाइप लाइन में विस्फोट के फलस्वरूप यह दुर्घटना हुई। मुख्यमंत्री ने दिवंगत श्रमिकों के शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की है और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। मुख्यमंत्री ने इस औद्योगिक दुर्घटना का उल्लेख करते हुए भिलाई इस्पात संयंत्र सहित राज्य के सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के सभी उद्योगों में मानव जीवन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को इसके लिए हमेशा सतर्क रहने की हिदायत दी है। डॉ. सिंह ने कहा है कि सभी उद्योगों में सुरक्षा मानकों का पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए और तकनीकी दृष्टि से भी मशीनों आदि की लगातार देखभाल होती रहनी चाहिए।

गर्लफ्रेंड की डिमांड पूरी करने के लिए प्रेमी ने की अपहरण के बाद हत्या

मैनपुरी। उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक ही स्कूल में पढ़ने वाले कक्षा 7 के छात्र को उसी के दोस्त कक्षा 12 के छात्र ने अपहरण कर मौत के घाट उतार दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी छात्र को गिरफ्तार कर शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार, मामला मैनपुरी थाना क्षेत्र के कस्बा बेवर का है। यहां मोहल्ला शिव नगर निवासी सरबजीत बेस के मकान में सर्वेश यादव किराए पर रहता है। सर्वेश बेवर रोडवेज डिपो में संविदा चालक के रूप में तैनात है। उसका 12 वर्षीय पुत्र अभिषेक मैनपुरी नगर स्थित सेंट थॉमस स्कूल में कक्षा 7वीं का छात्र था। उसकी दोस्ती मकान मालिक सरबजीत के पुत्र कक्षा 12 के छात्र 18 वर्षीय शिव प्रताप से थी। मंगलवार की शाम 4 बजे अभिषेक कोचिंग के लिए गया। वह देर शाम तक घर नहीं लौटा। शाम 7 बजे के अभिषेक के पिता के मोबाइल पर पुत्र के अपहरण की जानकारी देकर 20 लाख की फिरौती मांगी।

घटना से घबराए सर्वेश यादव ने मैनपुरी थाने पहुंचकर मामले की जानकारी पुलिस को दी। घटना का जानकारी मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई और फिरौती से जुड़े फोन नंबर को सर्विलांस पर लगा दिया। नंबर को सर्विलांस पर के बाद फोन की लोकेशन का पता चल गया। फोन सरबजीत के पुत्र ने अपने घर से ही किया था। रात में ही पुलिस ने उसे उठाया और सख्ती से पूछताछ की तो आरोपी ने पुलिस को सारी जानकारी दे दी। पुलिस पूछताछ में उसने बताया कि अपनी प्रेमिका की डिमांड पूरी करने के लिए उसने अभिषेक को बहाने से पास के ही निर्माणाधीन मकान में ले गया। वहां ले जाकर उसकी हत्या कर दी। आरोपी ने मकान के अंदर ही गड्ढा खोदकर शव को दबा दिया और ईंटें लगा दीं। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर शव बरामद करके पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा दिया है।

मैं चाहती हूं कि आलिया भट्ट मुझसे पहले शादी करें : कटरीना कैफ

रणबीर कपूर कनेक्शन के बावजूद आलिया भट्ट और कटरीना कैफ आज भी एक दूसरे की बेस्ट फ्रेंड हैं। हालांकि जब यह खबर आई थी कि आलिया और रणबीर एक दूसरे को डेट कर रहे हैं तो यह अंदाजा लगाया जा रहा था कि अब कटरीना और आलिया की दोस्ती पहले जैसी नहीं रहेगी, लेकिन दोनों ऐक्ट्रेसेस ने हर मौके पर इस बात के हिंट जरूर दिए हैं कि इन दोनों के बीच की बॉन्डिंग आज भी पहले जैसी ही हैं और रणबीर के आने से इन दोनों के बीच कोई कोई गैप नहीं आया है।

इसी बीच आजकल कटरीना का एक पुराना विडियो सामने आया है जिसने फैंस के मन में हलचल पैदा कर दी है। यह विडियो इंटरनेट पर काफी वायरल भी हो रहा है। इस विडियो में कटरीना बता रहीं हैं कि वह क्यों चाहती हैं कि आलिया उनसे पहले शादी के बंधन में बंध जाएं। इस विडियो में कटरीना कहती हैं, मैं पहले भी कई बार कह चुकी हूं कि मेरी इच्छा है कि आलिया पहले शादी कर ले उसके बाद मैं अपने बारे में सोचूंगी क्योंकि मैं एक केयरिंग सिस्टर हूं। आपको बता दें कि आलिया भट्ट से पहले रणबीर कपूर और कटरीना कैफ एक दूसरे को प्यार करते थे और लिव इन रिलेशनशिप में थे। हालांकि इन दोनों ने कभी भी अपने रिश्ते के बारे में खुल के बात नहीं की।

11 से स्थान बदल रहा बृहस्पति, जाने किस राशि पर क्या पड़ेगा प्रभाव

11 अक्टूबर को बृहस्पति तुला राशि से वृश्चिक राशि यानी अपने मित्र मंगल की राशि में प्रवेश कर रहे हैं। वहां लगभग 13 माह तक रहेंगे। ग्रहों में बृहस्पति को गुरु व मंगल को सेनापति कहा जाता है। सामान्यतया बृहस्पति गोचर में दो, पांच, सात, नौ व 11वें स्थानों में होने पर शुभ फल प्रदान करता है। यह गोचर परिवर्तन वृष, कर्क, कन्या, तुला, मकर व मीन राशि वाले जातकों के लिए विशेष शुभ कारक होगा।

ज्योतिषाचार्य पं. नरेंद्र उपाध्याय के अनुसार गुरु को वैदिक ज्योतिष में आकाश तत्व माना गया है। जिससे इसकी विशालता, विकास और विस्तार का संकेत स्पष्ट होता है। चंद्रमा व शुक्र के बाद गुरु सबसे चमकदार ग्रह है। इसकी राशि धनु व मीन है, यह कर्क राशि पर उच्च व मकर राशि पर नीचस्थ हो जाता है। सूर्य, चंद्रमा व मंगल इसके मित्र हैं, बुध शत्रु व शनि तटस्थ हैं। गुरु पिछले जन्मों के कर्म, धर्म, ज्ञान आदि विषयों को प्रतिरूपित करता है तथा यह स्मृति शिक्षा, राजनीति, मंत्री पद एवं उच्च अभिलाषा आदि का कारक ग्रह है।

ज्योतिषाचार्य पं. विवेक कुमार उपाध्याय के अनुसार वृश्चिक राशि में गुरु के परिवर्तन से भारतीय राजनीति पर विशेष प्रभाव देखा जाएगा। मंत्रालय में बदलाव या राज्यसभा में भी पदों की वृद्धि की जा सकती है। इस वर्ष उन्माद में वृद्धि हो सकती है। जनता में असंतोष की स्थिति बन सकती है। वित्तीय योजनाओं को बल तो मिलेगा, लेकिन देश की आर्थिक स्थिति खराब भी हो सकती है। महंगाई में तेजी आएगी। ईंधन की दर में भी तेजी आने की आशंका है, साथ ही विधिक पक्ष में भी अभूतपूर्व बदलाव देखे जाएंगे। देवनोलॉजी की दिशा में विस्तार होगा।

ज्योतिषाचार्य पं. राजेश तिवारी बृहस्पति के अनुसार राशि परिवर्तन के समय चंद्रमा विशाखा नक्षत्र में होगा, जो बृहस्पति का नक्षत्र है। तात्पर्य यह है कि आगम काल से ही गुरु बलवती अवस्था में होंगे। फलस्वरूप वे जातकगण जिनका बृहस्पति योगकारी है, वे जीवन के सभी क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति प्राप्त करेंगे। भारत वर्ष की कुंडली में बृहस्पति अष्टम (संघर्ष, मृत्यु आदि) व एकादश (लाभ, प्रसिद्धि, जनता को होने वाले लाभ, रोजी-रोजगार आदि) का स्वामी है, लेकिन वृषभ लग्न का मारक भी गुरु है, जिसके कारण देश की आर्थिक स्थिति खराब होगी।

शारदीय नवरात्रि 2018 : मां शैलपुत्री की आराधना से प्रारंभ होगा शक्ति का पर्व

वन्दे वांछितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम् ।
वृषारूढां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम् ॥

नवरात्रि में दुर्गा पूजा के अवसर पर दुर्गा देवी के नौ रूपों की पूजा-उपासना बहुत ही विधि विधान से की जाती है। इन रूपों के पीछे तात्विक अवधारणाओं का परिज्ञान धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक विकास के लिए आवश्यक है। आइए जानते हैं मां शैलपुत्री के बारे में...

मां दुर्गा को सर्वप्रथम शैलपुत्री के रूप में पूजा जाता है। हिमालय के वहां पुत्री के रूप में जन्म लेने के कारण उनका नामकरण हुआ शैलपुत्री। इनका वाहन वृषभ है, इसलिए यह देवी वृषारूढ़ा के नाम से भी जानी जाती हैं।

इस देवी ने दाएं हाथ में त्रिशूल धारण कर रखा है और बाएं हाथ में कमल सुशोभित है। यही देवी प्रथम दुर्गा हैं।

सिंबा में कैमियो रोल में नजर आयेंगे अजय देवगन

बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन आने वाली फिल्म सिंबा में कैमियो किरदार निभाते नजर आयेंगे। बॉलीवुड निर्देशक रोहित शेट्टी इन दिनों रणवीर सिंह को लेकर फिल्म सिंबा बना रहे हैं। सिंबा तेलुगु की फिल्म टेंपर का हिंदी रीमेक है। फिल्म में जूनियर एनटीआर ने लीड रोल प्ले किया था। रणवीर सिंबा में पहली बार पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाते नजर आयेंगे।

बताया जा रहा है कि अजय देवगन फिल्म सिंघम में निभाए गए अपने किरदार बाजीराव सिंघम के साथ सिंबा में एक कैमियो रोल करते नजर आएंगे। फिल्म के क्लाइमेक्स में वह एक महत्वपूर्ण सीन प्ले करते नजर आएंगे। रणवीर ने फिल्म की चर्चा करते हुये कहा, रोहित और बाकी कास्ट के साथ काम करना अच्छा रहा।

मेरे ऊपर थोड़ा दबाव था, क्योंकि मैं पहली बार रोहित के साथ किसी मसालेदार फिल्म में काम कर रहा हूं। सिंबा कुछ उस तरह की फिल्म है जिसे मैं बचपन में पसंद किया करता था। इस फिल्म में काम करना इसलिए भी मुश्किल था क्योंकि इसमें मुझे कॉमेडी, एक्शन, रोमांस और ड्रामे की मिली-जुली प्रस्तुति देनी थी। सिंबा 28 दिसंबर को रिलीज होगी।